पंजाब केसरी 19/01/2026

कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य एवं उपस्थित गणमान्य लोग। (चंद्रमोहन)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जन गोष्ठी में 100 वर्ष की यात्रा, पंच परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण पर हुआ विमर्श

अम्बाला, 18 जनवरी (पंकेस): राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में संघ की 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा के उपलक्ष्य में सोमवार को जी.एम.एन कॉलेज में प्रमुख जन-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं वंदे मातरम के सामूहिक गान के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बनवीर क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख तथा प्रांत बोधिक प्रमुख भूपेश मुख्य वक्ता के रूप में रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला संघचालक प्रदीप खेड़ा, मुख्य अतिथि के रूप में डा. रोहित दत्त प्रधानाचार्य जी.एम.एन. कॉलेज उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। मंच संचालन जीवन जोशी कार्यक्रम सयोजक ने किया।

क्षेत्री प्रचारक प्रमुख बनवीर ने कहा कि आज पूरा देश संघ की तपस्या, सेवा और सगंठन शक्ति से परिचित है। उन्होंने संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे जन्म से ही देश भक्त थे। डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए संघ की नींव रखी केवल 10-15 बालकों के साथ रखी थी। उन्होंने बताया कि संघ के.शताब्दी वर्ष के चलते, विजयादशमी के कार्यक्रम में देशभर में लगभग 35 लाख कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे और आज लगभग.1.25 लाख शाखाएं/मिलन देशभर में चल रही है।

संघ की असली शक्ति उसके स्वयंसेवकों के चरित्र, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा में निहित है। संघ ने समय-समय पर समाज को संगठित कर आपदा प्रबंधन, सेवा और सामाजिक कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि सेवा करते हुए संघ कभी जाति-धर्म नहीं देखता। स्वयंसेवकों की निस्वार्थ सेवा की प्रशंसा प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय लोगों द्वारा भी मुक्त कंठ से की गई। नागपुर से शुरू होने वाला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बनकर दिन-रात देश व समाज सेवा में निस्वार्थ एवम अनवरत लगा हुआ है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित डॉ. रोहित दत्त ने आधुनिक शिक्षा पर जोर दिया और संघ कैसे समाज में कार्य कर रहा है उसकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज के इस समय संघ ही राष्ट्र को सही दिशा में ले जा सकता है। उन्होंने पंच परिवर्तन को समाज में ले जाने की प्रीतिज्ञा की। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला संघचालक प्रदीप खेड़ा ने की। हरियाणा मे संघ के नीव के पथर प्रदर्शनी भी लगाई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रबुद्धजनों के माध्यम से समाज में राष्ट्र चेतना, सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और अधिक मजबूत करना रहा।